Dainik Bhaskar, Bhopal, MP 02 Feb 2023

लाइब्रेरियन की तीन दिन की ट्रेनिंग 6 से

भोपाल | उच्च शिक्षा विभाग ई-ग्रंथालय के संबंध विभिन्न कॉलेजों के लायब्रेरियन की तीन दिन की ट्रेनिंग का आयोजन करने जा रहा है। यह ट्रेनिंग 6 फरवरी से शुरू होगी। सरकारी कॉलेजों में एनआईसी के बनाए और संचालित ई-ग्रंथालय का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के लिए एनआईसी लायब्रेरियन को प्रशासन अकादमी में ट्रेनिंग देगा। यह ट्रेनिंग वर्तमान में कई जिलों के लिए आयोजित की जा रही है। इसके बाद अन्य जिलों के लायब्रेरियन को भी इसमें शामिल किया जाएगा। ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से लायब्रेरी की हर किताब का रिकॉर्ड कंप्यूटर सिस्टम में मिलेगा। इसके अलावा किताबों को जारी करने और वापसी की तारीख की एंट्री भी कंप्यूटर सिस्टम पर ही होगी।